

# अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक की कलम से...

**1 मार्च, 2025**

**प्रिय साथियो,**

जैसा कि हम 800 मेगावाट की पार्बती-II परियोजना और 2000 मेगावाट की सुबनसिरी लोअर परियोजना को शीघ्र चालू करने वाले हैं, अत: यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि हम अपनी विकास गति को जारी रखें और इन परियोजनाओं को समय पर पूरा करने पर अपना ध्यान केंद्रित करें। मुझे यह घोषणा करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना की यूनिट #3 की बॉक्सिंग का कार्य 5 फरवरी, 2025 को पूरा हो गया। मई, 2025 तक तीन यूनिट को चालू करने के हमारे लक्ष्य की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

मुझे यह बताते हुए भी प्रसन्नता हो रही है कि भारत के माननीय उपराष्ट्रपति, श्री जगदीप धनखड़ ने अरुणाचल प्रदेश के कामले जिले के बोसिमला में संयुक्त मेगा न्योकुम युल्लो समारोह और 43वें बोसिमला न्योकुम युल्लो समारोह 2025 के उद्घाटन समारोह में उपस्थिति होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस कार्यक्रम के दौरान उन्होंने लोगों से अरुणाचल प्रदेश में एनएचपीसी की जलविद्युत परियोजनाओं का समर्थन करने का आग्रह किया। इस अवसर पर श्री किरेन रिजिजू, माननीय केंद्रीय संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक कार्य मंत्री ने भी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस कार्यक्रम में मुझे विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

दिनांक 07 फरवरी, 2025 को एनएचपीसी और सीवीपीपीएल ने एनएचपीसी की दिबांग, पार्बती-II और तीस्ता-VI जलविद्युत परियोजनाओं के साथ-साथ चिनाब वैली पावर प्रोजेक्ट की कीरू जलविद्युत परियोजना से संबंधित सीओडी से 40 वर्ष की अवधि के लिए विद्युत क्रय के लिए डीवीसी के साथ विद्युत क्रय समझौते (पीपीए) पर हस्ताक्षर किए।

दिनांक 18 फरवरी, 2025 को मुझे नई दिल्ली में श्री मनोज सिन्हा, जम्मू व कश्मीर के माननीय उप राज्यपाल से मिलने का अवसर प्राप्त हुआ। हमारी मुलाकात के दौरान, मैंने उन्हें जम्मू व कश्मीर में एनएचपीसी के प्रचालनरत पावर स्टेशनों और आगामी परियोजनाओं के बारे में अवगत कराया ।

दिनांक 07 फरवरी, 2025 को श्री मोहम्मद अफजल, संयुक्त सचिव (हाइड्रो) ने एनएचपीसी के निगम मुख्यालय का दौरा किया। उन्होंने 'प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली' के मास्टर कंट्रोल रूम, हाइड्रो यूनिट्स के लिए रियल-टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम, सिस्मिक डेटा सेंटर और अनुभव केंद्र का दौरा किया। श्री अफजल ने एनएचपीसी द्वारा स्थापित अत्याधुनिक सुविधाओं की सराहना की, जो हमारे जलविद्युत पावर स्टेशनों की सुरक्षा और प्रचालन उत्कृष्टता सुनिश्चित करती हैं।

मैंने दिनांक 25-26 फरवरी, 2025 को अरुणाचल प्रदेश में एनएचपीसी की 1720 मेगावाट की कमला जलविद्युत परियोजना का दौरा किया और परियोजना में चल रही गतिविधियों की समीक्षा की। मैंने दिनांक 23 फरवरी, 2025 को एमएनआरई की सौर पार्क योजना के अंतर्गत बीएसयूएल द्वारा विकसित किए जा रहे 1200 मेगावाट के जालौन सौर पार्क के माधोगढ़ सेगमेंट की समीक्षा की।

दिनांक 24 फरवरी, 2025 को मैंने निदेशक (वित्त) के साथ एनएचपीसी की आगामी परियोजनाओं के निकट स्थित ऑल पेई वेलफेयर एसोसिएशन (एपीडब्ल्यूए), गोदक, जिला कामले, अरुणाचल प्रदेश के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ चर्चा की। चर्चा के दौरान, एनएचपीसी प्रबंधन ने निर्माण और प्रचालन दोनों चरणों के दौरान इन परियोजनाओं के सामाजिक-आर्थिक लाभों के बारे में उल्लेख किया । प्रतिनिधिमंडल ने अध्ययन दौरे के आयोजन के लिए एनएचपीसी के प्रति आभार व्यक्त किया । इस अध्ययन दौरे से उन्हें जलविद्युत परियोजनाओं के निर्माण और प्रचालन के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्राप्त हुई।

मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व की अनुभूति हो रही है कि एनएचपीसी को ग्रेट प्लेस टू वर्क, इंडिया से प्रतिष्ठित "ग्रेट प्लेस टू वर्क" प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है, जो विश्वास, सम्मान, गरिमा, समावेशिता और कर्मचारी की मान्यता पर आधारित कार्यस्थल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को मान्यता प्रदान करता है।

फरवरी 2025 तक, एनएचपीसी का कुल समेकित विद्युत उत्पादन 18674 मिलियन यूनिट (एमयू) तक पहुंच गया है और मासिक राजस्व 585.12 करोड़ रुपए है ।

माननीय संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप-समिति ने दिनांक 24 फरवरी 2025 को शिमला, हिमाचल प्रदेश में एनएचपीसी के तीन कार्यालयों यथा चमेरा-II पावर स्टेशन, चमेरा-III पावर स्टेशन व पार्बती-III पावर स्टेशन में राजभाषा कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा की।

**फरवरी, 2025 की अन्य उल्लेखनीय उपलब्धियां हैं:**

- 12 फरवरी, 2025 को नई दिल्ली में आयोजित इंडिया एनर्जी वीक 2025 के दौरान विद्युत मंत्रालय के पवेलियन में एनएचपीसी की उपलब्धियों को प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया। मुझे कार्यनीतिक सम्मेलन सत्र शीर्षक "भविष्य के वैश्विक ऊर्जा मिश्रण में नवीकरणीय क्रांति को आगे बढ़ाना" में भाग लेने का भी सौभाग्य प्राप्त हुआ।
- दिनांक 17 फरवरी, 2025 को जयपुर में आयोजित समारोह में सलाल पावर स्टेशन को राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा राजभाषा नीतियों के कार्यान्वयन में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।
- एनएचपीसी द्वारा कई प्रभावशाली सीएसआर पहल की गई, जिनमें शामिल हैं:
    - दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना द्वारा दिनांक 4 फरवरी, 2025 को अनिनी सरकारी जिला अस्पताल, अरुणाचल प्रदेश को एक अल्ट्रासाउंड मशीन प्रदान करना।
    - 22 फरवरी, 2025 को टनकपुर पावर स्टेशन द्वारा समर्थित, डेविड पेंटर जूनियर हाई स्कूल गाँव गुदमी, उत्तराखंड में दो नए अध्ययनकक्षों की आधारशिला रखना।
    - तीस्ता-V पावर स्टेशन के माध्यम से नामची जिले के लिंकुटार में एक एकीकृत बाल विकास सेवा केंद्र के निर्माण के लिए दिनांक 5 फरवरी, 2025 को नामची जिला प्रशासन, सिक्किम के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करना।
    - रंगीत पावर स्टेशन ने जिले में विभिन्न सीएसआर परियोजनाएं शुरू करने के लिए दिनांक 8 फरवरी, 2025 को नामची जिला प्रशासन, सिक्किम के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- श्रीमती भावना, उप प्रबंधक (विधि), एनएचपीसी को 17 फरवरी, 2025 को सार्वजनिक क्षेत्र में महिलाओं के फोरम (विप्स) की 35वीं राष्ट्रीय बैठक में कार्यकारी श्रेणी में 'सर्वश्रेष्ठ महिला कर्मचारी पुरस्कार' के लिए द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- एनएचपीसी के स्पोर्ट्स स्कॉलर ने फरवरी 2025 में देहरादून, उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। श्री तुषार सुवीर ने बैडमिंटन टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता, सुश्री रिद्धिमा कपूर ने महिला टेबल टेनिस टीम स्पर्धा में कांस्य पदक अर्जित किया और श्री आर्यवंश त्यागी ने ट्रैप शूटिंग (व्यक्तिगत) में कांस्य पदक प्राप्त किया।
- डॉ. पिंकी रॉय, सीएमओ ने 25 फरवरी, 2025 को आयोजित योनेक्स सनराइज हिमाचल प्रदेश मास्टर्स स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप 2024-25 में स्वर्ण पदक जीता।
- एसजेवीएन द्वारा दिनांक 22-27 फरवरी, 2025 तक चंडीगढ़ में आयोजित 24वें इंटर सीपीएसयू क्रिकेट टूर्नामेंट एनएचपीसी पुरुष क्रिकेट टीम ने जीत लिया ।

मैं आप सभी को आने वाले होली के त्योहार की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ। रंगों का यह त्योहार आपके जीवन में खुशियाँ, समृद्धि और सफलता लेकर आए।

आपका,

रा० कु० चौधरी

**(आर.के. चौधरी)**
**अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक**